Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 27-02-2006

Participants : Yadav Shri Baleshwar

Title : Regarding the need to review the implementation of Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojna in Kushinagar district, Uttar Pradesh.

श्री बालेश्वर यादव (पडरौना) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत आबंटित धन का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है।

इस जिले में, इस योजना के तहत, अब तक 31 सड़कें बनी हैं। इनके निर्माण कार्य में न तो हॉट मिक्स प्लांट का इस्तेमाल हुआ है और न ही मानकों के अनुसार मिट्‌टी भरान हुआ है। स्थानीय प्रशासन, शिकायत किए जाने के बावजूद, आंखें मूंदे हुए हैं।

मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि वह इस निर्माण कार्य की स्वतंत्र इकाई से जांच करवाकर, करोड़ों रूपए की बरबादी रोकने के लिए कदम उठाये।